प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर 03 मार्च, 2023। विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के एल्यूमिनाई सेल (पी.टी.ए.ए.) के तत्वाधान में प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी के एल्यूमिनाई डा0 गौरव तिवारी द्वारा अपनी स्वर्गीय माताश्री की स्मृर्ति मे **श्रीमती मिथिलेश तिवारी स्मृति अकादमिक उत्कृष्टता पुरस्कार** इस वर्ष से प्रारम्भ किया गया है जिसके अन्तर्गत शैक्षिणिक वर्ष 2021–2022 में बी0 टेक कृषि अभियांत्रिकी के पासआउट रहे छात्र/छात्राओं को उनके जी0पी0ए0 के आधार पर प्रथम, द्वितीय एंव तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया है जिसमें **प्रथम पुरस्कार** प्राप्त कु0 जानवी जोशी को प्रमाण पत्र के साथ गोल्ड मेडल एंव रुपये पचास हजार नगद धनराशि, **द्वितीय पुरस्कार** में रोहित शर्मा को प्रमाण पत्र के साथ सिल्वर मेडल एवं रुपये तीस हजार नगद धनराशि एवं **तृतीय पुरस्कार** कु0 शिवानी भट्ट को प्रमाण पत्र के साथ ब्रोंज मेडल एंव रुपये बीस हजार नगद धनराशि प्रदान की गयी।

इस अवसर पर अधिष्ठात्री, प्रौद्योगिकी महाविद्यालय डा. अलकनन्दा अशोक एंव महाविद्यालय के समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष, अध्यक्ष पी.टी.ए.ए. डा अजीत कुमार, महासचिव पी.टी.ए.ए. डा. विनोद कुमार, एवं महाविद्यालय के समस्त संकायो के प्राध्यापक, सह प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापक उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम में अधिष्ठाता, डा0 अलकनन्दा अशोक पी0टी0ए0ए0 सदस्य एवं अतिथिगण